राष्ट्रपति ने मगहर में संत कबीर अकादमी तथा अनुसंधान केंद्र एवं स्वदेश दर्शन योजना का उद्घाटन किया

चर्चा में क्यों?

5 जून, 2022 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर ज़िले के मगहर में संत कबीर अकादमी और अनुसंधान केंद्र तथा स्वदेश दर्शन योजना का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद संत कबीर नगर के मगहर में आने वाले दूसरे राष्ट्रपति हैं, इससे पहले मिसाइल मैन ए.पी.जे. अब्दुल कलाम बतौर राष्ट्रपति यहाँ आए थे।
- उल्लेखनीय है कि स्वदेश दर्शन योजना विषयगत पर्यटन सर्किट के एकीकृत विकास के उद्देश्य से पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2014-15 में शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
- इस योजना का उद्देश्य भारत में पर्यटन की क्षमता को बढ़ावा देना, विकसित करना और उसका दोहन करना है।
- स्वदेश दर्शन योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय सर्किट की अवसंरचना के विकास के लिये राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/president-of-india-inaugurates-sant-kabir-academy-and-research-centre-and-swadesh-darshan-yojana-at-maghar